CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 126 □ रायपुर, शनिवार 30 मई 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### महाबोधि मंदिर पहुंचे म्यांमार के राष्ट्रपति, बोधगया बना हाई सिक्योरिटी जोन; की विशेष प्रार्थना



**नई दिल्ली, 30 मई (न्यूज चैनल)।** म्यांमार के राष्ट्रपति जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने शनिवार को बोधगया स्थित विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना कर विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना की। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर बोधगया अभूतपूर्व सुरक्षा घेरे में तब्दील रहा। प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शनिवार सुबह करीब नौ बजे राष्ट्रपति जनरल मिन आंग ह्लाइंग विशेष विमान से गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे। बिहार के राज्यपाल और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से राष्ट्रपति का काफिला कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सड़क मार्ग से बोधगया रवाना हुआ। उनके साथ म्यांमार सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद था। सर्वप्रथम म्यांमार के राष्ट्रपति और उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को विश्राम स्थल लाया गया।

### डीके शिवकुमार का कर्नाटक का नया सीएम बनना तय, शाम 4 बजे की बैठक में कई फैसलों पर लगेगी मुहर

**नई दिल्ली, 30 मई (न्यूज चैनल)।** कर्नाटक की राजनीति में बड़े बदलाव के बीच डीके शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। शपथ ग्रहण की तारीख से लेकर नए मंत्रिमंडल के गठन और संभावित उपमुख्यमंत्रियों तक, सरकार के गठन को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। आइए जानते हैं इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ी पल-पल की अपडेट्स। कर्नाटक में नई सरकार के गठन को लेकर जारी चर्चाओं के बीच कांग्रेस नेता बिलकिस बानो ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा या नहीं, इस पर अंतिम फैसला पार्टी हाईकमान करेगा। यतींद्र सिद्धारमैया को कैबिनेट में जगह मिलने की अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए बानो ने कहा, इस बारे में मुझे जानकारी नहीं है। यह फैसला हाईकमान के हाथ में है। युवाओं की ओर से भी उनकी मांग की जा रही है। यदि पार्टी निर्णय लेती है तो वह भी कैबिनेट मंत्री बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता और नेता हमेशा हाईकमान के फैसले का सम्मान करेंगे।




चूहा- सुनती हो, भूपेश बघेल कह रहें हैं बिना देखे मंत्री नहीं गा सकते वंदे मातरम्

चुहिया- हां जी, चलो देखकर गाए वह भी बहुत बड़ी बात है।

### रेफर सेंटर की छवि से उभरा जिला अस्पताल

# स्वास्थ्य सेवाओं में मुंगेली बना प्रदेश का मॉडल जिला

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन से 'अचीवर्स' श्रेणी में शामिल



**मुंगेली, 30 मई (हाईवे चैनल)।** कभी मामूली जटिलता वाले मामलों में भी मरीजों को बड़े शहरों के लिए रेफर करने वाले जिला चिकित्सालय मुंगेली की तस्वीर अब तेजी से बदल रही है। सीमित संसाधनों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के बावजूद जिला अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आज अस्पताल न केवल जिले बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए भरोसे का केंद्र बनकर उभरा है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के कुशल मार्गदर्शन, सतत मॉनिटरिंग और स्वास्थ्य विभाग की टीम भावना से किए गए कार्यों के परिणामस्वरूप मुंगेली जिला आज प्रदेश के उत्कृष्ट स्वास्थ्य जिलों में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन और 50 प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांकों पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के कारण मुंगेली जिला वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ जिलों की श्रेणी में शामिल हुआ है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी 'स्वास्थ्यांक' ग्रेडिंग में मुंगेली जिले को 'अचीवर्स' श्रेणी में स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि जिले के लिए गौरव का विषय बन गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए 'मुख्यमंत्री अटल मॉनिटरिंग पोर्टल' के माध्यम से प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांकों की सतत समीक्षा की जा रही है, जिसका सकारात्मक परिणाम मुंगेली जिले में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले की इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम.के. राय, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. गिरीश कुर्रे, सभी बीएमओ, बीपीएम और स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि आम जनता तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सरलता से पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में शानदार उपलब्धि:** जिले ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। जिले में गर्भवती महिलाओं के पंजीयन में 98 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई, जबकि संस्थागत प्रसव का प्रतिशत 99.98 रहा। यह जिले की मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था और स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रियता को दर्शाता है। यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम में जिले ने 103 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 100 बिस्तरीय मातृत्व एवं शिशु अस्पताल में स्त्रीरोग विशेषज्ञ के छह स्वीकृत पदों के विरुद्ध केवल एक विशेषज्ञ चिकित्सक की पदस्थापना के बावजूद यह उपलब्धि प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**चिरायु दल की सक्रियता से बच्चों को मिला बेहतर उपचार:** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चिरायु दल द्वारा जिले के 99.6 प्रतिशत स्कूलों का भ्रमण कर लगभग 100 प्रतिशत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में चिन्हित 99.9 प्रतिशत बीमार बच्चों का उपचार भी सुनिश्चित किया गया।

### सीयूईटी यूजी: तकनीकी गड़बड़ी के कारण समय पर शुरू नहीं हुई परीक्षा, एनटीए ने बदला दोपहर तीन बजे की पाली का समय




**नई दिल्ली, 30 मई (न्यूज चैनल)।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट की परीक्षा शनिवार को देशभर के कई केंद्रों पर तकनीकी खराबी के कारण निर्धारित समय पर शुरू नहीं हो सकी। सुबह 9 बजे शुरू होने वाली परीक्षा कई केंद्रों पर करीब 11=23 बजे शुरू हुई, जिसके चलते अभ्यर्थियों और अभिभावकों को लंबा इंतजार करना पड़ा।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने बताया कि परीक्षा आयोजन से जुड़ी एजेंसी रूह्य ञ्चष्टस् की ओर से तकनीकी गड़बड़ी सामने आई थी। इसी वजह से 30 मई 2026 को आयोजित परीक्षा की प्रक्रिया प्रभावित हुई और कई परीक्षा केंद्रों पर एग्जाम समय पर शुरू नहीं हो पाया। जानकारी के अनुसार परीक्षा केंद्रों पर सुबह 8 बजे ही प्रवेश प्रक्रिया बंद कर दी गई थी। बड़ी संख्या में छात्र तय समय से पहले ही केंद्रों पर पहुंच गए थे। हालांकि परीक्षा शुरू होने से ठीक पहले तकनीकी समस्या आने के कारण पूरी परीक्षा प्रक्रिया बाधित हो गई। कई केंद्रों पर छात्रों को घंटों इंतजार करना पड़ा। लंबे समय तक परीक्षा शुरू नहीं होने से अभ्यर्थियों में असमंजस की स्थिति बनी रही। वहीं अभिभावकों में भी नाराजगी देखने को मिली।

नोएडा सेक्टर-64 स्थित आदर्श परीक्षा केंद्र में शनिवार को आयोजित सीयूईटी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) परीक्षा छात्रों और अभिभावकों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गई। सुबह से परीक्षा देने पहुंचे सैकड़ों अभ्यर्थियों को घंटों इंतजार करना पड़ा, लेकिन तकनीकी खामी के चलते परीक्षा शुरू ही नहीं हो सकी। आखिरकार परीक्षा रद्द कर दी गई।

तकनीकी समस्या के बाद एनटीए ने दोपहर सत्र की परीक्षा का समय संशोधित कर दिया। एजेंसी के अनुसार अब दोपहर सत्र के लिए रिपोर्टिंग और प्रवेश प्रक्रिया दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगी। जबकि परीक्षा अब पहले निर्धारित समय 3:00 बजे के बजाय शाम 4:00 बजे से शुरू की जाएगी।

### लखनऊ में बड़ा हादसा, 'बचपन डे केयर' सेंटर का गेट गिरने से मासूम की मौत; मां चादर बिछाकर लाश लेकर बैठी

**नई दिल्ली, 30 मई (न्यूज चैनल)।** राजधानी के निशातगंज स्थिति बचपन डे केयर सेंटर परिसर का शनिवार को मुख्य गेट गिर जाने से एक मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। बहराइच से गर्मियों की छुट्टियां बिताने आठ वर्षीय शिवा कश्यप बच्चा अपनी नानी मीना देवी के घर आया था। बच्चे के मामा राहुल ने बताया शनिवार को सुबह करीब 9 बजे शिवा गेट के पास खेल रहा था, तभी अचानक गेट टूट कर गिर गया और उसमें शिवा की दबकर मौत हो गई। मामा ने बताया कि जब तक लोग पहुंचकर गेट उठाते तब तक काफी देर हो चुकी थी। बच्चे को इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया।

### बिना देखें वंदे मातरम नहीं गा पाएंगे छत्तीसगढ़ के मंत्री: भूपेश बघेल



**रायपुर, 30 मई (हाईवे चैनल)।** पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई मुद्दों पर अपनी बातें रखी। उन्होंने बताया कि पंजाब में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को स्थानीय नेताओं की हाईकमान के साथ बैठक हुई थी। भूपेश बघेल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, शुक्रवार को पंजाब के मुद्दों को लेकर राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और केसी वेणुगोपाल के साथ लगभग तीन घंटे की मैराथन बैठक हुई। बैठक में सभी मुद्दों पर चर्चा हुई। पंजाब में चुनाव के कुछ महीने बचे हैं, उसकी तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

कर्नाटक में डीके. शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर भूपेश बघेल ने कहा कि विधायक दल की बैठक का इंतजार अभी करना चाहिए। औपचारिक घोषणा के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के वंदे मातरम से जुड़े बयान पर भूपेश बघेल ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा में वंदे मातरम के इतिहास पर चर्चा भी हुई है और लोग वंदे मातरम का पूरा श्लोक गाते हैं। मैं विष्णु देव साय से केवल इतना ही कहना चाहूंगा कि वे अपने सभी मंत्रियों को खड़ा करके बिना किसी पाठ को देखे पूरा वंदे मातरम गाने को कहें। बघेल ने कहा, हम कांग्रेस सदस्य हैं। हमारी हर सभा और सम्मेलन वंदे मातरम और राष्ट्रगान से शुरू होता है और इन्हीं के साथ समाप्त भी होता है। बताइए, ये लोग इन्हें कब गाते हैं? क्या वे भाजपा के किसी ऐसे कार्यक्रम का उदाहरण दे सकते हैं, जहां वंदे मातरम गाया जाता हो? पश्चिम एशिया (खाड़ी) संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य में आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका के बीच केंद्र सरकार ने सरकारी तेल विपणन कंपनियों को कम से कम 30 दिनों की मांग के बराबर रसोई गैस (एलपीजी) का रणनीतिक भंडार तैयार करने का निर्देश दिया है।

इस सवाल पर भूपेश बघेल ने कहा, वैसे भी एलपीजी, पेट्रोल और डीजल नहीं मिल रहा है। सारे पेट्रोल पंप ड्राई हैं। विष्णुदेव साय को इसकी चिंता करनी चाहिए कि किसानों को खाद कैसे मिले और ट्रांसपोर्टर को तेल मिले। हालांकि, वह इस मामले पर चुप हैं।

### आरंग रेलवे स्टेशन में शिक्षक की ट्रेन से कटकर मौत, आत्महत्या की आशंका; जांच में जुटी पुलिस



**रायपुर/आरंग, 30 मई (हाईवे चैनल)।** आरंग रेलवे स्टेशन में शुक्रवार शाम एक शिक्षक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आरंग पुलिस, रेलवे पुलिस, मृतक के परिजन एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है। मृतक की पहचान आशीष बघेल के (41) रूप में हुई है, जो अकोली (कला) स्थित शासकीय विद्यालय में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना शाम करीब 7:30 बजे की बताई जा रही है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। हालांकि, मृतक के करीबी लोगों के अनुसार वे कुछ समय से पारिवारिक समस्याओं को लेकर मानसिक तनाव में थे।

घटना के बाद शव को रेलवे ट्रैक से हटाने के लिए परिजनों को देर रात तक रेलवे पुलिस का इंतजार करना पड़ा। बताया जा रहा है कि करीब 11:30 बजे रेलवे पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद शव को ट्रैक से हटाकर कब्जे में लिया गया। देरी को लेकर मौके पर मौजूद लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मरचुरी भिजवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों को लेकर स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। देर रात तक घटना स्थल पर आरंग नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन, बीईओ दिनेश शर्मा, शिक्षक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### नौकरानी निकली चोर: दो दिन में 12 लाख के गहने किए पार, पति और जीजा ने भी दिया साथ, तीनों गिरफ्तार

**दुर्ग, 30 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ की दुर्ग पुलिस को चोरी के मामले में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। घर में चोरी करने वाला कोई और नहीं बल्कि नौकरानी ही निकली, जिसने अपने पति और जीजा के साथ मिलकर 12 लाख रुपये के गहने चोरी कर लिए थे। तीनों के कब्जे से 12 लाख 22 हज़ार रुपये का सामान जब्त किया गया है। यह पूरा मामला नेवई थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, आशीष नगर रिसाली निवासी दुर्गा प्रसाद नागपुरे ने घर में काम ज्यादा होने के कारण एक महिला मालती ध्रुव को दो दिनों के लिए काम पर रखा था, लेकिन काम खत्म होने के बाद जब अलमारी में रखे सोने चांदी के गहने नहीं दिखे तब दुर्गा प्रसाद के होश उड़ गए।

उन्होंने 27 मई को नेवई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 मई को सुबह अपने घर की आलमारी को खोलकर देखने पर पर्स से 14.5 ग्राम का सोने का हार, मांगटीका, नाक की नथिनी, हाथ के कड़े, मंगलसूत्र, कान के 03 जोड़ी टॉप्स गायब मिले।

दुर्गा प्रसाद की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की और विवेचना के दौरान संदेही घर में काम करने वाली बाई मालती ध्रुव उसके पति देवीलाल ध्रुव और आरोपिया के जीजा हेमलाल मंडावी को थाना तलब कर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया, जिन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### जंगल सफारी-नंदनवन जू की सैर अब होगी महंगी, टिकट दरों में 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी, एसी बस का किराया भी हुआ महंगा




**रायपुर, 30 मई (हाईवे चैनल)।** नवा रायपुर के नंदनवन जू और जंगल सफारी में घूमना पर्यटकों के लिए अब महंगा हो सकता है. वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने जू के प्रवेश शुल्क, सफारी राइड और अन्य सुविधाओं की नई दरें जारी कर दी है. कई श्रेणियों में टिकट रेट 50त्न तक बढ़ाई गई हैं, जबकि कुछ कैटेगरी में यह बढ़ोतरी दोगुनी से भी अधिक है। नई प्रस्तावित दरों के अनुसार 6 से 12 साल तक के बच्चों का टिकट 25 रुपये से बढ़ाकर 50 रुपये और 12 वर्ष से अधिक आयु के आगंतुकों का टिकट 50 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये किया गया है. विदेशी नागरिकों के लिए यह शुल्क 200 रुपये से बढ़कर 500 रुपये हो गया है. वहीं दिव्यांगजन और 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को वैध पहचान पत्र के आधार पर फ्री एंट्री जारी रहेगी. हालांकि सुविधा यह वीकेंड, सार्वजनिक अवकाश और सरकारी छुट्टियों पर लागू नहीं होगी। सफारी के लिए 6 से 12 वर्ष के बच्चों का टिकट सामान्य बस में 100 रुपये, एसी बस में 150 रुपये और इलेक्ट्रिक बस में 175 रुपये लगेंगे. वयस्कों के लिए यह 150, 200 और 250 रुपये होगा. विदेशी पर्यटकों के लिए सफारी के लिए 750 रुपये से 1250 रुपये तक के रेट तय किए गए हैं।

जिप्सी से सफारी घूमने के लिए प्रति व्यक्ति 700 रुपए और पूरी जिप्सी लेने पर 3,500 रुपए देना होगा. वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए यह दर 350 रुपये प्रति व्यक्ति और 2,000 रुपये प्रति जिप्सी रखी गई है. वहीं विदेशी पर्यटकों को प्रति व्यक्ति 1,500 रुपये और प्रति जिप्सी 7,000 रुपये शुल्क देना होगा। अगर आपको जंगल सफारी और नंदनवन जू में फोटोग्राफी करनी है तो इसके लिए एक दिन का 5000 रुपये और कमर्शियल वीडियोग्राफी या फिल्म शूटिंग के लिए एक दिन का 15,000 रुपये शुल्क देना होगा. यह अनुमति संबंधित अधिकारियों की स्वीकृति के अधीन होगी। सरकारी स्कूलों के कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को फ्री एंट्री दी जाएगी. वहीं कक्षा 9 से 12 तक के सरकारी स्कूलों के बच्चों को 50 प्रतिशत और निजी स्कूलों के छात्रों को 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

### उरला मेटल पार्क की फैक्ट्री में भीषण आग, कई लोगों के फंसे होने की आशंका, रेस्क्यू जारी



**रायपुर, 30 मई (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर के उरला मेटल पार्क स्थित एक् फैक्ट्री में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। आग इतनी भयावह है कि दूर-दूर तक धुएं का गुबार दिख रहा है। मौके पर फैक्ट्री के भीतर कई लोगों के फंसे होने की सूचना मिल रही है। यह घटना खमतराई थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, भारती फ़ूड्स फैक्ट्री में आग लगी है।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही उरला थाना पुलिस समेत आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं।

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना को लेकर इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, भारती फ़ूड्स मेंटल पार्क रावभाता में अज्ञात कारणों से आग लगी है। फैक्ट्री में बिस्किट का मैन्युफैक्चर होता है। फैक्ट्री मालिक का नाम भारती कोड़वानी है। भीषण आग से करीब 4 से 5 करोड़ का नुकसान हुआ है। इस आग से किसी भी प्रकार से हताहत नहीं हुई है।

CMYK